>

Title: Need to curb the activities of drug mafias in Goa-laid.

**श्री श्रीपाद येसो नाईक (उत्तर गोवा):** गोवा प्रदेश देश का एक छोटा और शांत प्रदेश है। आज यह प्रदेश ड्रग्स माफिया की वजह से एक अशांत प्रदेश बनता जा रहा है। यहां पर प्रतिदिन कई किलो गांजा, चरस आदि पकड़ी जाती है। ड्रग्स माफिया के बढ़ते जाल से यहां पर आने वाले देशी-विदेशी पर्यटकों को काफी असुविधा होती है और विदेशी पर्यटकों की हत्या की भी कई घटनाएं हो चुकी हैं। इस प्रकार की घटनाएं गोवा को तबहा करने वाली हैं।

मेरा माननीय गृह मंत्री से आग्रह है कि गोवा में बढ़ते हुए ड्रग्स के कारोबार पर रोक लगाने हेतु आवश्यक एवं कड़े कदम उठाये जायें।